NT>

Title: Regarding auto-rickshaw strike in Delhi.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं लोक महत्व के अतिआवश्यक विाय की ओर सरकार का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं। गत एक सप्ताह से दिल्ली के आटो रिक्शा चालक अपनी मांगों की पूर्ति के लिए हड़ताल पर हैं, जिससे जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। पर्यटकों, स्कूल जाने वाले बच्चों, अस्पताल जाने वाले आपात कालीन मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिनांक 13.12.2002 को दिन में एक बजे आटो रिक्शा चालक संघ ने अपनी मांगों की पूर्ति हेतु जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन किया था। आटो रिक्शा चालकों की जायज मांगों को पूरी करने हेतु दिल्ली सरकार को केन्द्र सरकार समुचित निर्देश दे, ताकि जन-जीवन सामान्य हो सके। जो बीमार लोग इलाज के लिए दिल्ली आते हैं, उन्हें इससे काफी परेशानी हो रही है। मुझे भी अस्पताल जाना पड़ा, तो मैंने खुद इस स्थिति को देखा। आपातकालीन सेवा में जो मरीज एक्सरे कराने के लिए जाते हैं, तो उनको दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाता है। आटो रिक्शा चालकों की हड़ताल के कारण वे वहां जा नहीं सकते और उनके सामने जीवन-मरण का सवाल आ जाता है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि आटो रिक्शा चालकों की हड़ताल के सम्बन्ध में वह दिल्ली सरकार का मार्गदर्शन करके कोई रास्ता निकाले, जिससे समझौता हो सके।